**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**30.08.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे**

## मुख्यमंत्री—चंबा दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा और चंबा जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने कांगड़ा ज़िले में पौंग बांध से छोड़े गए पानी के कारण बाढ़ प्रभावित फतेहपुर व इंदौरा के मंड क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। बाद में मुख्यमंत्री ने चंबा ज़िले के भरमौर और मणिमहेश इलाकों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। इन क्षेत्रों में अभी भी लगभग 7 से 8 हजार मणिमहेश यात्री फंसे हुए हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया है और उनके लिए राहत सामग्री भेजी जा रही है। खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री का हैलीकॉप्टर भरमौर में नहीं उतर पाया। उन्होंने चंबा में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बताया कि अनेक स्थानों पर फंसे मणिमहेश यात्रियों को हैलीकॉप्टर के माध्यम से निकाला जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हो रही प्राकृतिक आपदाओं के लिए ग्लोबल वॉर्मिंग को जिम्मेदार ठहराया। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही बादल फटने और फ्लैश फ्लड की घटनाओं पर शोध होना चाहिए।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रदेश में आपदा के लिए केंद्र सरकार भरपूर आर्थिक मद्द दे रही है और उन्होंने संसद में प्रदेशहित के मुद्दों को प्रमुखता से रखा है। सिकंदर कुमार ने सोलन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहली किश्त के रूप में प्रदेश को आपदा राहत के लिए 4 सौ करोड़ रूपए की राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई आपदा का मुद्दा हिमाचल के सभी लोकसभा व राज्यसभा सांसदों ने प्रमुखता से केंद्र सरकार से उठाया है।

## मौसम

प्रदेश के अनेक स्थानों पर पिछले 24 घंटों में भारी वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के अनेक स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पहली और दो सितम्बर को कुछ भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट है।